प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 22.05.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. प्रधानमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता नरेन्द्र मोदी ने आज बस्ती और श्रावस्ती में की जनसभाएं, विपक्ष पर साधा निशाना : कहा– चार जून को नतीजे आने पर हार का ठीकरा यह लोग ईवीएम पर फोड़ेंगे।
2. शेष चरणों के लिये चुनाव प्रचार जोरो पर : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जौनपुर, बस्ती, अखिलेश यादव ने आजमगढ़ और मायावती ने सुल्तानपुर में की जनसभाएं।
3. बुद्ध पूर्णिमा की पूर्व संध्या पर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने प्रदेशवासियों को दी शुभकामनाएं : कुशीनगर में बुद्ध पूर्णिमा का महोत्सव आज से हुआ शुरू।

और

4. प्रदेश के अधिकांश जिलों में भीषण गर्मी और लू का प्रकोप जारी : मौसम विभाग ने अगले चार दिनों के लिये पश्चिमी इलाके में लू चलने और पूर्वी उत्तर प्रदेश में बारिश की जताई संभावना।

————————

प्रधानमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता नरेन्द्र मोदी ने उत्तर प्रदेश के दो दिवसीय दौरे के दूसरे दिन आज बस्ती और श्रावस्ती में जनसभाएं की। बस्ती के डुमरियागंज में जनसभा को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि हमारी

सरकार के बीते 10 वर्षों के ट्रैक रिकॉर्ड पर जनता–जनार्दन की मुहर है। उन्होंने कहा कि वह जनता की तपस्या का परिणाम विकास के रूप में देंगे। सपा–कांग्रेस पर हमला बोलते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि समाजवादी पार्टी ने यूपी को केवल बदनामी दी थी, जबकि कांग्रेस राम मंदिर पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला पलटना चाहती हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि आपातकाल लगाने वाली कांग्रेस आज संविधान बचाने की बात कर रही है। श्री मोदी ने कहा कि आज दुनिया भर में भारत का सम्मान बढ़ा है और यूपी को गर्त से बाहर निकालने में योगी जी ने बड़ी मेहनत की हैं। श्री मोदी ने कहा कि पांच चरणों के चुनाव के बाद इंडी गठबंधन निराशा में डूब चुका है। बाइट..........

*पांच चरण के चुनाव हो चुके हैं, इन पांच चरणों ने ही देश में तीसरी बार मोदी सरकार पक्की कर दी है। आप इंडी एलायंस वालों के बयान देख लीजिए हर कोई अलग–थलग आंकडा बताता है, तो आपको पक्का भरोसा हो जाएगा कि पूरा इंडी एलायंस ऐसा निराशा की गर्त में डूबा है कि अब उनको यह भी याद नहीं रहता है कि वो दो दिन पहले क्या बोले थे आज क्या बोल रहे हैं।*

वहीं श्रावस्ती में रैली के दौरान श्री मोदी ने कहा कि वो वंचितों के अधिकार के चौकीदार है। उन्होंने कहा कि आरक्षण छीनने का कर्नाटक मॉडल वह देशभर में लागू नहीं होने देंगे।

इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज सुबह वाराणसी में पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक की। इस बैठक में वाराणसी के सभी विधायकों के अलावा काशी क्षेत्र के अध्यक्ष और संचालन समिति से जुड़े तमाम पदाधिकारी मौजूद थे। लगभग डेढ़ घंटे चली इस बैठक में श्री मोदी ने वोटिंग परसेंटेज को बढ़ाने के लिए प्रयास करने पर बल दिया।

—————————

प्रदेश में शेष बचे चरणों के लिये मुख्यमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता योगी आदित्यनाथ ने जौनपुर, बस्ती, भदोही, और सुल्तानपुर में पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभा की। श्री योगी ने कहा कि सपा की रैलियों में रोज दिख रही अराजकता और मारपीट से यह साफ है कि सपा के लोग अपने नेता का सम्मान भी नहीं करते। उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों में प्रदेश में उद्योग धंधों की हालत खराब थी और स्वास्थ्य सेवाएं बदहाल थी। भाजपा सरकार ने प्रदेशभर में कई मेडिकल कॉलेज बनवाये हैं और नये उद्योगों को बढ़ावा दिया है। श्री योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत न सिर्फ विकसित हुआ है, बल्कि आत्म निर्भर भी बना है।

वहीं मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता माहन यादव ने महराजगंज और कुशीनगर में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भाजपा ने सबका

साथ सबके विकास को सिद्ध करके दिखाया है, जबकि कांग्रेस तुष्टिकरण की राजनीति करती है।

वहीं, समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने आजमगढ़ में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि आज देश महंगाई

बेरोजगारी और पेपर लीक जैसी समस्याओं से त्रस्त है। उन्होंने दावा किया कि लोगों में भाजपा के खिलाफ गुस्सा है, जो हर चरण के चुनाव के साथ बढ़ता जा रहा है। बाइट..........

*जो गुस्सा जनता का देखा है भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ, जो गुस्सा हमे दिखाई दिया पहले चरण में वो गुस्सा बढता चला जा रहा है और सातवा चरण जब आएगा तो जनता का गुस्सा सातवें आसमान पर होगा बताओ भारतीय जनता पार्टी का सफाया होना तय हो गया कि नही हो गया।*

बसपा सुप्रीमो मायावती ने आज सुल्तानपुर में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने भाजपा के साथ सपा पर भी निशाना साधते हुए कहा कि यूपी में जब सपा की सरकार थी तो किसानों, पिछड़ों, वंचितों के साथ भेदभाव किया गया और मौजूदा भाजपा सरकार भी उसी नीति पर चल रही है। इससे सर्वसमाज में नाराजगी है। उन्होंने कहा कि आरक्षण की बात करके केवल लोगों का ध्यान भटकाने की कोशिश की जा रही है।

——————————

रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया के अध्यक्ष रामदास अठावले ने वाराणसी में आज पत्रकारों से बातचीत में कहा है कि आज सार देश में एनडीए की लहर चल रही श्री अठावले ने कहा कि उत्तर प्रदेश आज अपने बेहतर कार्यों के लिए जाना जाता है।

वहीं भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष और इंडिया एलायंस के प्रत्याशी अजय राय ने भी आज वाराणसी में पत्रकार वार्ता की। उन्होंने कहा कि वाराणसी की जनता अब झूठे बहकावे से ऊब चुकी है और अब निर्णायक कदम उठाने जा रही है।

——————————

ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट एन0आई0सी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

प्रादेशिक समाचारों के इस बुलेटिन में आपका फिर से स्वागत है।

——————————

प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने देश और प्रदेशवासियों को बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर बधाई दी है। अपने बधाई संदेश में राज्यपाल ने कहा कि भगवान बुद्ध का त्यागमय जीवन और उत्कृष्ट विचार संपूर्ण मानवता के लिए प्रेरणा स्रोत है।

वहीं कल बुद्ध पूर्णिमा को लेकर भगवान बुद्ध की महापरिनिर्वाण स्थली कुशीनगर में बुद्धम शरणम गच्छामि की गूँज के साथ बुद्ध पूर्णिमा का महोत्सव आज से शुरू हो गया। इस अवसर पर कई कार्यक्रमों का आयोजन होगा। बौद्ध भिक्षु आज शाम विशेष पूजा करेंगे। और जानकारी हमारे कुशीनगर प्रतिनिधि से...........

*बुद्ध पूर्णिमा की पूर्व संध्या पर आज सायं काल से महापरिनिर्वाण स्थल पर बौद्ध भिक्षुओं द्वारा विशेष पूजा की जा रही है। यह विशेष पूजा हिन्दी के प्रसिद्ध साहित्यकार और बौद्ध दर्शन के मर्मज्ञ महापण्डित राहुल सांकृत्यायन की प्रेरणा से कुशीनगर के बौद्ध भिक्षु भन्ते चन्द्रमणि ने शुरू की थी। तबसे यह विशेष पूजा अपनी पूरी गरिमा के साथ प्रतिवर्ष आयोजित होती रही है।यह विशेष पूजा देशी एवं विदेशी पर्यटकों, बौद्ध भिक्षुओं तथा स्थानीय जनता के लिए श्रद्धा एवं आकर्षण का केन्द्र है।रात में धम्मदेशना का कार्यक्रम होगा। कल प्रातः महापरिनिर्वाण मन्दिर से रथयात्रा परिभ्रमण के साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किये गये हैं। विवेक पाण्डेय, आकाशवाणी समाचार, कुशीनगर।*

——————————

लोकसभा चुनाव के छठे चरण में उत्तर प्रदेश की 14 सीटों पर 25 मई को मतदान होगा। इसमें अमेठी और रायबरेली के पास की सुल्तानपुर सीट भी शामिल है।

वर्तमान में यहां से भाजपा की मेनका गांधी सांसद हैं। पार्टी ने उन्हें इस सीट पर दोबारा प्रत्याशी बनाया है। उनके अलावा आठ अन्य प्रत्याशी भी इस सीट पर चुनावी मैदान में हैं। पेश है एक रिपोर्ट..........

*अमेठी और रायबरेली के बगल की सुल्तानपुर सीट पर आजादी के बाद से अब तक कांग्रेस ने सर्वाधिक जीत दर्ज की है। इस सीट की एक खासियत यह भी है कि बीजेपी के डी बी राय को छोड़ दें तो दूसरा कोई ऐसा चेहरा नहीं है, जो इस सीट पर दूसरी बार सांसद बनने में कामयाब रहा हो। यही वजह है कि इस सीट पर किसी एक नेता का कभी दबदबा नहीं रहा। आजादी के बाद कांग्रेस ने आठ बार अलग चेहरे के साथ यह सीट जीती। वहीं बसपा ने दो बार और भाजपा ने चार बार यहां जीत हासिल की। इस सीट से वर्तमान सांसद मेनका संजय गांधी को भाजपा ने दोबारा अपना प्रत्याशी बनाया है,उन्हें टक्कर देने के लिए इंडिया गठबंधन से सपा के उम्मीदवार राम भुवाल निषाद और बसपा से उदराज वर्मा चुनावी मैदान में हैं। सभी दलों ने अपने प्रत्याशियों को जीताने के लिए प्रचार तेज कर दिया है। सुल्तानपुर लोकसभा क्षेत्र में पांच विधानसभा सीटें आती हैं। इनमें इसौली, सुल्तानपुर, सदर, लंभुआ और कादीपुर शामिल हैं। इस संसदीय क्षेत्र में कुल 18 लाख 52 हजार 590 मतदाता 25 मई को नौ प्रत्याशियों के भाग्य को ईवीएम में कैद करेंगे। दर्शन कुमार साहू आकाशवाणी समाचार सुल्तानपुर*

————————

प्रदेश के अधिकांश जिलो में भीषण गर्मी और लू का प्रकोप जारी है, जिससे जन–जीवन प्रभावित हो रहा है। मौसम विभाग ने अगले चार दिनों के लिये पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लिये रेड अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि अगले चार दिनों तक पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कुछ स्थानो पर लू का प्रकोप जारी रहेगा। वहीं पूर्वी

उत्तर प्रदेश में कुछ स्थानों पर बारिश, गरज के साथा बौछारें पड़ने और तेज हवाएं चलने की संभावना जताई है।

(समाप्त)